अल्कोहल एवं प्रोहिबिशन पर एकमात्र हिन्दी मासिक पत्रिका

वर्ष-14, अंक-7, मार्च 2024

आबकारी टाइम्स

केवल सदस्यों हेतु

आबकारी ने प्राप्त किया 5139 करोड़ रुपये का राजस्व

हरियाणा
आबकारी राजस्व पहुंचा 11 हजार करोड़ रुपये

हिमांचल प्रदेश
नई आबकारी एवं कराधान नीति को मिली मंजूरी

पंजाब
नई आबकारी नीति का उद्देश्य है राजस्व वृद्धि

उत्तर प्रदेश
ओटीएस में मिलेगी ब्याज पर 50 प्रतिशत की छूट

खुलेंगी नई मदिरा दुकानें बढ़ेगा राजस्व और रोजगार

आबकारी राजस्व में हुई 15 प्रतिशत की वृद्धि

महिलाएं बदल रही हैं, भारत में मदिरा की कहानी

ISO 9001 · PREMIUM QUALITY · MSME — MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES — सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम

CANGROUP OF INDUSTRIES

Complete Grain Handling & Milling Manufacturer

We are happy to announce that we have Successfully Commissioned 7 Nos. Distillery Projects in last 2 months !

-Satish Sugar, Karnataka	: 120 KLPD
-VIPN Sugar, Karnataka	: 150 KLPD
-Ugar Sugar Works, Karnataka	: 300 KLPD
-Forever Distillery, UP	: 100 KLPD
-Parle Biscuits Pvt Ltd, UP	: 100 KLPD
-Dhampur Sugar Mill, UP	: 100 KLPD
-Gulshan Polyols, MH	: 350 KLPD

Email: cangroupindustries@gmail.com, sales@cangroupindustries.com
www.cangroupindustries.com, Ph. No. +919970824795, 917011445870

आबकारी टाइम्स

आबकारी, अल्कोहल एवं मद्य निषेध पर प्रथम हिन्दी मासिक पत्रिका

वर्ष- 14, अंक- 7, मार्च 2024, पृष्ठ-52

R.N.I. - UPHIN/2010/36360, MSME No. UP-03-0008022
Postal Reg. No. - L-2/9 Reg/AD-86-2022-24

प्रबन्ध सम्पादक
पी. एस. मिश्रा

सम्पादक
राजेश कुमार चौबे

मुख्य सलाहकार
हर्षवर्धन चतुर्वेदी (पूर्व उप आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड)
आर.एस.तिवारी (पूर्व अपर आबकारी आयुक्त)
एस.के. गोयल (पूर्व उप आबकारी आयुक्त)
रविशंकर शुक्ला (पूर्व उप आबकारी आयुक्त)

मीडिया एडवाइजर
रतन दीक्षित (वरिष्ठ पत्रकार)

ब्यूरो चीफ
गोपाल जोशी (दिल्ली, हरियाणा, पंजाब)
जे.के. रावत (एनसीआर)

व्यापार प्रबन्धक
शशि योगेश्वर, अरविन्द दुबे

ग्राफिक्स डिजाइनर
बृजेश पाण्डेय

फोटोग्राफर
जय प्रकाश - लखनऊ

सहायक
अजय कुमार

कार्यालय
485, भवानी भवन, ममफोर्डगंज
(शिवाजी पार्क के सामने), प्रयागराज-211002 (उ.प्र.)

लखनऊ कार्यालय
टी-14, नीलगिरी अपार्टमेंट, वृंदावन योजना,
रायबरेली रोड, लखनऊ (उ.प्र.)

सम्पर्क : 94537 59003, 73797 00003
फोन/फैक्स : 0532-2440267

E-mail : aabkaritimes@gmail.com
Web : www.aabkaritimes.com,

मोबाइल : 9415305911, 9335126988, 9452935729

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, पी.एस. मिश्रा द्वारा क्यूआईएस प्रिंटर्स प्रयागराज से मुद्रित और 485 ममफोर्डगंज (शिवाजी पार्क के सामने), प्रयागराज (यू.पी.) से प्रकाशित।

5

राजस्व वाले मदों में 2813.88 करोड़ की बढ़ोत्तरी : खन्ना

09

आबकारी ने प्राप्त किया 5139 करोड़ रुपये का राजस्व

36

पहला बीयर म्यूजियम खुलेगा जल्द

51

आबकारी की सेवाएं आयेंगी लोकसेवा गारंटी में

आबकारी टाइम्स पत्रिका में प्रकाशित सामग्री व लेख, लेखकों के निजी विचार और समाचार समूहों से हैं। सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक को उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। आबकारी टाइम्स से सम्बन्धित सभी विवाद केवल प्रयागराज स्थित न्यायालय के अधीन होंगे। हमारा उद्देश्य मदिरापान को बढ़ावा देना नहीं अपितु इसके उपयोक्ता और उत्पादनकर्ता को नये-नये समाचारों से अवगत कराना है।

सदस्यता फार्म के लिए आखिरी पेज 52 नम्बर देखें

मदिरा है उपभोक्ता सामग्री और व्यापार का एक विकल्प

भारत के संविधान में राज्यों को मदिरा से कमाई करने का एक विकल्प दिया गया है। हालाकि मदिरा से कमाई अर्थात आरोपित कर मदिरा के उपभोग को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से लगाये जाने का प्राविधान किया गया था। परंतु मदिरा पर आरोपित कर में वृद्धि के साथ ही राज्य सरकारें वैधानिक उपभोग को बढ़ाने की तमाम कोशिशें करती हैं। राज्य सरकारें प्रति वर्ष शराब से कमाई बढ़ाने के लिए शराब नीति बनाती हैं। शराब नीति को लेकर राजनीतिक विडंबना भी देखने को मिलती है। सत्ता पक्ष से बाहर होने पर सदैव विरोध के स्वर सुनाई देते हैं। हालाकि सरकार में बैठे लोग अब यह भली भांति जान गये हैं कि मदिरा प्रमुख उपभोक्ता सामग्रियों में अपनी जगह बना रही है। मदिरा का विस्तार व्यापार और रोजगार का एक मजबूत विकल्प बन रहा है। कोई भी राज्य सरकार को मदिरा उद्योग के महत्व को अब नकार नहीं सकता है।

राज्य सरकारें अपने विकास कार्यों के लिए राजस्व संकलन कर अधिकतर आश्रित होती हैं। पूर्वोत्तर के कई राज्यों ने इसके अतिरिक्त हरियाणा और आंध्र प्रदेश जैसे बड़े राज्यों ने भी मदिरा पर प्रतिबंध अधिक समय तक नहीं रख पाये हैं। हमारे देश में कई तरह की श्रेणियां जैसे वाइन और बीयर को भी मदिरा के अंतर्गत ही रखती हैं जबकि कई देशों में इन्हें आम उपभोक्ता सामग्री के अंतर्गत रखा गया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में जहां जीएसटी का संकलन फरवरी में 6412.66 करोड़ का हुआ है वहीं आबकारी द्वारा मदिरा से 5138.84 करोड़ का राजस्व संकलन यह दर्शाता है कि इस उद्योग को अब हल्के में नहीं लिया जा सकता है। उत्तर प्रदेश में 893 नई दुकानें सृजित होने पर जहां सरकार को सैकड़ों करोड़ का राजस्व मिलेगा वहीं इन दुकानों से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से 5000 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

उत्तराखण्ड मेट्रो ब्रांड की नई मदिरा लांच कर एक ओर मदिरा उपभोक्ताओं को नया टेस्ट और विकल्प उपलब्ध कराने जा रही है वहीं दूसरी ओर मेट्रो में स्थानीय फलों के मिश्रण से नये रोजगार का सृजन होगा। हरियाणा में आबकारी राजस्व 6100 करोड़ रुपये से 11000 करोड़ रुपये हो गया है। यह मात्र 4 सालों में हुआ है। इसका करण है कि वैधानिक मदिरा की बिक्री बढ़ी राज्य सरकार ने इसके लिए ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम को लागू किया है। पर्यटन स्थलों पर मध्य प्रदेश सरकार मदिरा की उपलब्धता बढ़ाने की कोशिश कर रही है। इससे पर्यटन बढ़ेगा और रोजगार में भी ईजाफा होगा। हिमांचल प्रदेश के प्रमुख आय में टूरिज्म शामिल है। पिछले कुछ सालों से सरकार की शराब नीति से राज्य में मदिरा का उपभोग बढ़ा है जो आगामी वित्तीय वर्ष में 5 करोड़ 24 लाख लीटर की सीमा को पार कर जायेगा।

मदिरा निर्माण में ग्रेन व्हिस्की, सिंगल माल्ट और स्कॉच के अलावा कई स्थानीय व्हिस्की जो अपने टेस्ट के कारण लोगों की पसंदीदा बनी हुई हैं उन्हीं में से एक है कैसल हिल डार्क नाइट। नागालैण्ड में बनी यह व्हिस्की असम से बाहर अब महाराष्ट्र और गोवा के उपभोक्ताओं तक पहुंचने वाली है। चीन में बनी बाइजियू के स्थानीय मांग के सामने व्हिस्की बहुत पीछे है। डियाजियो और परनॉड की कोशिशें भी स्थानीय टेस्ट को डिगा नहीं पा रही हैं। देश में बनने वाली पिकाडली की कैमिकारा लक्जरी रम जल्द ही अपनी लोकप्रियता से उपभोक्ताओं की फेवरेट बनेगी। इसमें शुद्ध रूप से केन जूस का उपयोग किया गया है। मदिरा निर्माता केवल अपने उत्पाद से आय ही नहीं अर्जित करते हैं बल्कि समाजिक दायित्व भी निभाते हैं। डियाजियो इंडिया का गोडावण सिंगल माल्ट व्हिस्की इसका एक प्रमाण है।

The Grain Storage People



A Grain Saved is Multi-Grain Produced

B.G. SHIRKE CONSTRUCTION TECHNOLOGY PVT. LTD

(POST HARVEST EQUIPMENT DIVISION) ISO 9001 : 2000 COMPANY

Mob: +91 904 900 4164 | 800 777 0416

Email : vmkadbane@shirke.co.in | smbawane@shirke.co.in Website : www.shirkegroup.com

पेट बोतलों में न हो शराब की आपूर्ति

हरियाणा सरकार ने प्लास्टिक की बोतलों में शराब की बिक्री पर रोक लगा दिया है। यूपी में भी प्लस्टिक की बोतलों में मदिरा की बिक्री पर रोक लगानी चाहिए। राज्य सरकार ने कांच की बोतलों और टेट्रा पैक में भी शराब बेचने की अनुमति दी है। शराब कंपनियां कांच और टेट्रा पैक की महंगी पैकेजिंग के कारण कुछ ब्राण्डों को प्लास्टिक की बोतलों में भराई कर रही हैं। शराब कंपनियां घाटे का हवाला देकर ऐसा करती हैं जबकि शराब का उपभोक्ता कभी भी महंगी शराब पर उंगली नहीं उठाता है। भले ही शराब के दाम बढ़ा दिये जाएं लेकिन शराब उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। शराब कंपनियों का यह मानना है कि सरकार अपने फायदे के लिए चाहे जितना भी टैक्स बढ़ा दे परंतु उत्पादकों के लाभांश में बहुत मामूली वृद्धि होती है। सरकार और उत्पादकों के कारण प्लास्टिक में मदिरा की आपूर्ति से सेहत का नुकसान उपभोक्ता को ही होता है। **- सुधीर वर्मा (अलीगढ़)**

एलएबी से नहीं है ज्यादा फायदा

राज्य सरकारें मदिरा के उपभोक्ताओं की सेहत को ध्यान में रखकर शराब को नियंत्रित कर अपनी देख-रेख में उसकी बिक्री कराती है। कई बार अवैध मदिरा के उपभोग से लोगों की जान चली जाती है। ऐसा भी होता है कि वैध मदिरा के अधिक उपभोग से भी जान चली जाती है। हालाकि मदिरा सेहत के लिए नुकसानदायक है। चाहे वह कितनी भी कम मात्रा में हो इसकी पुष्टि डब्लूएचओ ने किया है। सरकार उपभोक्ताओं की मांग के मुताबिक बीयर वाइन और स्ट्रांग लिकर बेचने की परमिशन देती है। लेकिन सच्चाई यह है कि सरकार को राजस्व सबसे अधिक स्ट्रांग लिकर की बिक्री से ही प्राप्त होता है। शराब उपभोक्ताओं को भी यही स्ट्रांग लिकर अधिक पसंद है। वाइन और बीयर जैसी लो अल्कोहल वाली मदिरा के उपभोक्ता भी कम हैं। सरकार की कोशिश भी स्ट्रांग लिकर को बढ़ावा देने की ही होती है। **- संतोष कुशवाहा (नोयडा)**

शराब उद्योग भी सरकार के लिए है महत्वपूर्ण

उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में नये उद्योगों की स्थापना और शिलान्यास के लिए जीबीसी-4 का आयोजन किया था। लगभग 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश से शराब की नई फैक्ट्रियां स्थापित होंगी। नई फैक्ट्री लगने पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। किसानों को कच्चा माल बेचकर मुनाफा होगा। प्रदेश सरकार को शराब विभाग से जीएसटी के बाद सबसे अधिक राजस्व मिलता है। शराब से अधिक से अधिक कमाई के लिए सरकार के अधिकारी क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर सदैव दबाव बनाते हैं। सरकार की कोशिश होती है कि अधिक से अधिक वैधानिक शराब की बिक्री हो। देखा जाता है कि सरकार के मंत्री शराब कंपनियों और उनके कार्यक्रमों से सार्वजनिक रूप से दूरी बनाकर रहते हैं। यह एक बड़ी विडंबना है कि सरकार और उसके मंत्री शराब से राजस्व तो चाहते हैं लेकिन कंपनियों के साथ दिखने में परहेज करते हैं। **- सुधीर पाल (एटा)**

जामुन शहद की वाइन से होगा स्वास्थ्य लाभ

मध्य प्रदेश सरकार प्रदेश में पैदा होने वाले फलों से वाइन निर्माण को बढ़ावा देने की नीति बनाई है। फलों से बनने वाली वाइन स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है। कई देशों में वाइन को मदिरा की श्रेणी में नहीं रखा जाता है। बीयर भी मदिरा के अंतर्गत शामिल नहीं है। बीयर में अधिकतम 8 प्रतिशत तक अल्कोहल होता है जबकि वाइन में 12 प्रतिशत तक अल्कोहल की मात्रा होती है। यह दोनों प्रकार के अल्कोहल मिश्रित पेय कम अल्कोहल की मात्रा होने के कारण अधिक नशा नहीं होने देते हैं। हालाकि अल्कोहल स्वास्थ्य के लिए अनुकूल है अथवा प्रतिकूल है इस पर अभी तक विशेषज्ञ और वैज्ञानिक एक मत नहीं हो पाये हैं। फलों अथवा शहद का उपभोग प्राकृतिक रूप से करने पर उसके फायदे पर किसी को कोई शक नहीं है। वाइन बनाने के लिए इन फलों को फर्मेंट किया जाता है। फर्मेंट के दौरान फलों का मूल स्वरूप यीस्ट के कारण बदल जाता है। **- अवधेश नरायण पाण्डेय (वाराणसी)**

वाइन का बढ़ेगा व्यवसाय

हमारे देश में अधिकतर खान-पान और परिधान की नकल पाश्चात्य देशों से होता है। व्हिस्की और रम जैसे शराब का उत्पादन विदेशों में किया जाता था। उसी को देखकर हमारे यहां भी उसका उत्पादन और उपभोग होने लगा। पश्चिमी देशों में अब वाइन और बीयर जैसे कम अल्कोहल वाली मदिरा की बिक्री बढ़ रही है। वाइन को विदेशों में खाने की सामग्री में शामिल कर लिया गया है। हमारे देश में भी अब धीरे-धीरे लोग वाइन की ओर बढ़ रहे हैं। राज्य सरकारें भी स्थानीय लोगों की आमदनी और रोजगार को ध्यान में रखकर वाइन उत्पादन को बढ़ावा दे रही हैं। उत्तर प्रदेश सरकार भी वाइन निर्माण के लिए जब कई सुविधाओं की घोषणा की, तब यहां भी कई कंपनियों ने वाइन बनाने के लिए अपनी उत्पादन इकाईयां लगाना शुरू की हैं। उत्तर प्रदेश के किसानों को इससे लाभ होगा और वाइन की बिक्री बढ़ने पर इसका लाभ कंपनियों को मिलेगा। **-रवि सिंह (एटा)**

आप अपनी पाठकीय प्रतिक्रिया फेसबुक (facebook.com/aabkaritimes) व्हाट्सअप (7379700003) और ईमेल (aabkaritimes@gmail.com) पर भी दे सकते हैं, जिसका प्रकाशन इस स्तंभ में किया जा सकता है। कृपया अपना नाम और पता जरूर दें।

राजस्व वाले मदों में 2813.88 करोड़ की बढ़ोत्तरी : खन्ना

सुरेश कुमार खन्ना

मुख्य कर करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के फरवरी माह में 17,742.67 करोड़ का राजस्व मिला है, जबकि वित्तीय 2022-23 के फरवरी माह में 14928.79 करोड़ का राजस्व मिला था। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2022-23 के सापेक्ष वर्ष 2023-24 के फरवरी माह में 2813.88 करोड़ रुपये का अधिक राजस्व प्राप्त हुआ। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत माह फरवरी 2024 में कुल 6412.66 करोड़ का राजस्व मिला, जबकि फरवरी 2023 में 5190.87 करोड़ मिला था। इस प्रकार जीएसटी मद में फरवरी माह में गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 1221.79 करोड़ अधिक राजस्व मिला। इसी तरह वैट के अन्तर्गत माह फरवरी 2024 में 2323.15 करोड़ का राजस्व मिला, 2023 फरवरी में 2241.47 करोड़ रु. मिला था।

वित्त मंत्री ने बताया कि आबकारी मद के अन्तर्गत फरवरी 2024 में 5138.84 करोड़ की राजस्व मिला, वहीं फरवरी 2023 में 4457.33 करोड़ मिला था। इस प्रकार स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत फरवरी 2024 में 2518.33 करोड़ मिला, जबकि फरवरी 2023 में 1942.15 करोड़ मिला था। ऐसे ही परिवहन विभाग में फरवरी 2024 में 958.61 करोड़ मिला, जबकि फरवरी 2023 में मात्र 787.82 करोड़ मिला था। इस तरह भू-तत्व तथा खनिकर्म विभाग में फरवरी 2024 में 391.08 करोड़ मिला था, जबकि फरवरी 2023 में 309.15 करोड़ रुपये मिला था। श्री खन्ना ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में फरवरी 2024 तक कुल मुख्य कर 173381.51 करोड़ रुपया मिला। इसमें जीएसटी 68450.17 करोड़, वैट 26822.93 करोड़, आबकारी 41224.44 करोड़, स्टाम्प तथा निबंधन 24439.78 करोड़, परिवहन 9427.01 करोड़, भू राजस्व 360.83 करोड़ और ऊर्जा 2556.35 करोड़ रुपया शामिल है।



लार्ड्स में लगेगा अब डुअल मोड पर प्लांट

गाजीपुर स्थित लार्ड्स आसवनी लि. नन्दगंज में लग रहा प्लांट अब डुअल मोड आधारित होगा। प्लांट अनाज तथा मोलासेस से अल्कोहल का उत्पादन करेगा। शासन ने इस सम्बंध में 16 मार्च को एक पत्र जारी कर बताया है कि 420 लाख लीटर वार्षिक क्षमता की ग्रेन आधारित प्लांट को पहले अनुमति दी गई थी। प्लांट की प्रतिदिन उत्पादन क्षमता 120 किलोलीटर अर्थात वर्ष में 350 कार्य दिवस के आधार पर 420 लाख लीटर वार्षिक होगा। प्लांट में प्रतिदिन 75 प्रतिशत अर्थात 90 किलोलीटर प्रतिदिन उत्पादन एथेनॉल का किया जायेगा। शेष 25 प्रतिशत अर्थात 30 किलोलीटर प्रतिदिन वर्ष में 105 लाख लीटर ग्रेन ईएनए का उत्पादन होगा जो पेय मदिरा के प्रयोजन में उपयोग किया जायेगा। डिस्टिलरी में पुराने लाइसेंस के आधार पर अभी देशी मदिरा का निर्माण किया जाता है।

खुलेंगी नई मदिरा दुकानें, बढ़ेगा राजस्व और रोजगार

आबकारी विभाग नये सत्र के लिए राज्य भर में 893 नई दुकानें खोलने जा रहा है। इन दुकानों के लिए विभाग शीघ्र ही टेण्डर निकालेगा। आबकारी आयुक्त ने 15 मार्च को एक आदेश में प्रदेश के 57 जनपदों में विदेशी मदिरा की 222 दुकानें और 54 जनपदों में 354 देशी शराब की दुकानें खोलने की अनुमति दी है। इसके अतिरिक्त बीयर की 52 जनपदों में 301 दुकानें खोली जायेंगी। भांग की 13 और 3 नये मॉडल शॉप भी खुल रहे हैं। इतना ही नहीं पहले से सृजित की गई देशी, विदेशी बीयर और मॉडल शॉप की दुकानों का भी टेण्डर किया जाना है।

पूर्व से सृजित दुकानों की संख्या भी लगभग 2 से 3 दर्जन के बीच है। आबकारी आयुक्त को आबकारी नीति में 10 प्रतिशत नई दुकान खोलने का अधिकार दिया गया है। आबकारी आयुक्त इसी अधिकार का प्रयोग करते हुए जनपदों से प्राप्त प्रस्तावों पर नई दुकानों के सृजन की अनुमति प्रदान किये हैं। वर्ष 2024-25 के व्यवस्थापन के उपरांत जनपदों में देशी मदिरा की बची हुई एमजीक्यू तथा लाइसेंस फीस को व्यवस्थित करने के लिए नई दुकानों का टेण्डर किया जायेगा। विभागीय सूत्रों के मुताबिक नई दुकानों के व्यवस्थापन के पश्चात विभाग को सैकड़ों करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। नई मदिरा की दुकान खुलने से लोगों को रोजगार भी प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से प्राप्त होगा। प्रदेश में मदिरा, बीयर की दुकानों और बार तथा भांग की कुल दुकान लगभग 30 हजार है।

बिना बार लाईसेंस के ही सर्व कर रहे थे मदिरा

आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली पर्व के दृष्टिगत आबकारी आयुक्त के आदेश के क्रम में अवैध शराब की बिक्री/परिवहन पर अंकुश लगाए जाने हेतु प्रवर्तन अभियान के दौरान 09 मार्च को एक रेस्तरां में लखनऊ आबकारी ने छापा मारा। गोमतीनगर में बिना ऑकेज्जनल बार लाइसेंस (एफ.एल.-11) के द कॉन्सेप्ट रेस्टोरेंट में मदिरा पिलाई जा रही थी। जिला आबकारी अधिकारी राकेश सिंह के नेतृत्व मे उस क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक विवेक सिंह व आबकारी निरीक्षक रजनीश प्रताप सिंह की टीम का गठन किया गया। सूचना के आधार पर पत्रकारपुरम स्थित द कांसेप्ट रेस्टोरेंट में दबिश दी गई तो वहां पर बिना ऑकेजनल बार लाइसेन्स के ही मदिरा परोसी जा रही थी। पत्रकार पुरम में स्थित विजयश्री टावर के थर्ड फ्लोर पर स्थित द कांसेप्ट में कुल 09 बोतल विदेशी मदिरा व 24 कैन बियर रेस्टोरेंट के भीतर से बरामद की गई। उक्त प्रकरण में रेस्टोरेंट मैनेजर समेत 4 अन्य लोगों को गिरफ़्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 व आईपीसी की धारा 419/420 के अंतर्गत गोमतीनगर थाने में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेजा गया।

बैड मंकी बीयर हुई यूपी में लांच

सिंक बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड ने अपने उत्कृष्ट ब्रांड बैड मंकी बीयर को यूपी के उपभोक्ताओं के लिए लांच किया है। सिंक बेवरेज के निदेशक रोहन खरे और अपार रस्तोगी ने बताया कि यूपी हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। दिल्ली, झारखंड और अन्य राज्यों में बैड मंकी की सफलता के बाद हमें विश्वास है कि यह ब्रांड यूपी के बीयर शौकीन लोगों को खासकर युवाओं को पसंद आएगी। यह अपने अनोखे टेस्ट के साथ स्मूथ फिनिश, पीने के तरीके को मजेदार करने का एक वादा भी करता है। बैड मंकी बीयर बोल्ड और परिष्कृत दोनों है, जो हर घूंट में नये रोमांच और प्रफुल्लित भावना का प्रतीक है। श्री रस्तोगी ने कहा कि बैड मंकी बीयर यूपी के लोगों को इसके असाधारण स्वाद और गुणवत्ता का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करती है। उम्मीद है आने वाले दिनों में यह राज्य के उभरते बीयर बाजार में अपना प्रमुख स्थान बनायेगी और इसकी आकर्षक पैकेजिंग युवाओं को लुभायेगी।

लखनऊ में महिलाएं हैं 35 फीसदी मदिरा दुकानों की लाईसेंसी

वित्तीय वर्ष 2024- 25 में लखनऊ में 1046 शराब की दुकानों में से 370 महिला उद्यमियों को आवंटित की गई हैं। 1 अप्रैल से महिला दुकान मालिक एक तिहाई से अधिक व्यवसाय की बागडोर संभालेंगी, जिस पर अतीत में मुख्य रूप से पुरुषों का वर्चस्व रहा है। आबकारी विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि लखनऊ में पिछले वर्ष की तुलना में महिलाओं की कुल भागीदारी 7 फीसदी बढ़ी है। इस बार अधिक दुकानों पर महिलाओं का कब्जा हुआ है। हालांकि, महिलाओं को कोई विशेष प्रोत्साहन या छूट नहीं दी जाती है, लेकिन रुझान से पता चलता है कि महिलाएं अब शराब के व्यापार में उतरने से नहीं हिचकिचा रही हैं। लखनऊ के जिला आबकारी अधिकारी राकेश सिंह ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष के लिए जारी किए गए कुल लाइसेंस में से 35 फीसदी महिला उद्यमियों ने हासिल

महिलाओं की लाईसेंस में भागीदारी

	पुरूष	महिला	प्रतिशत
देशी	571	198	35
विदेशी	213	82	38
बीयर	205	72	35
मॉडल शॉप	57	18	32
कुल	**1046**	**370**	**35**

की हैं। पिछले तीन वर्षों में जैसे- जैसे महिला आवेदकों की संख्या बढ़ रही है, उसी अनुपात में उनकी भागीदारी भी बढ़ रही है।

महिलाओं में सबसे ज्यादा दिलचस्पी आईएमएफएल शराब की दुकानों को लेकर है। उसके बाद बीयर की दुकानें आती हैं। टीएनएन से हजरतगंज की एक लाइसेंस प्राप्त बीयर दुकान की मालिक सुशीला जयसवाल ने कहा कि खुदरा स्टोरों का प्रबंधन करना मुश्किल नहीं है, क्योंकि करीबी निगरानी के लिए प्रौद्योगिकी उपकरण उपलब्ध हैं। दुकान पर साउंड सिस्टम के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मैं कारोबार की निगरानी करूंगी। साथ ही, पिछले पांच वर्षों में शराब का कारोबार मजबूत और पारदर्शी हो गया है। इस बीच, लखनऊ की कुल 1046 दुकानों में से केवल पांच देशी शराब की दुकानें और दो मॉडल शॉप ही बची हुई हैं। शेष 1,039 दुकानें आवंटित की जा चुकी हैं। राकेश सिंह ने कहा कि बाकी को भी जल्द ही नीलामी के लिए रखा जा रहा है।

MOUNTAIN OAK®
WHISKY

Globus Spirits

SOAK IN THE HUES OF JOY!

बेहतर है

Happy Holi

THIS COMMUNICATION IS FOR PEOPLE ABOVE 25 YEARS OF AGE ONLY.

DRINK RESPONSIBLY.

CALENTER
RESERVE RUM
COZY
WINTERS
RELISH THE CARIBBEAN WARMTH
CALENTER
CALENTER
RESERVE RUM
THE FINEST FUSION
Follow us on our
Social Pages

जिला आबकारी अधिकारी बढ़ायें राजस्व

आबकारी ने प्राप्त किया 5139 करोड़ रुपये का राजस्व

आबकारी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने निर्देश दिये हैं कि प्रदेश में हरियाणा व अन्य पड़ोसी राज्यों से आने वाली अवैध मदिरा न आने पाये, इसके लिए बार्डर के अधिकारी विशेष सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि सभी जिला आबकारी अधिकारी आबकारी निरीक्षकों के साथ प्रति सप्ताह बैठक कर राजस्व बढ़ाने व प्रवर्तन के कार्यों की समीक्षा करें। उप आयुक्त अपने मण्डल के जिलों में लगातार भ्रमण कर मॉनीटरिंग करें।

गन्ना संस्थान में 12 मार्च को मण्डलों के उप आबकारी आयुक्त एवं जिला आबकारी अधिकारियों से राजस्व प्राप्तियों के विवरण, बीयर, विदेशी शराब एवं देशी शराब, उपभोग, प्रवर्तन कार्य, आईजीआरएस का निस्तारण एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों की बिन्दुवार समीक्षा की गई थी। उन्होंने विगत वर्ष उपभोग आधारित लक्ष्य के सापेक्ष न्यूनतम राजस्व उपलब्धियों वाले 10 जनपद फिरोजाबाद, हाथरस, बदायूं, हमीरपुर, जालौन, मिर्जापुर, औरैया, आज़मगढ़, पीलीभीत, कानपुरनगर के जिला आबकारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व बढ़ाने की दिशा में कार्य करें एवं प्रवर्तन कार्यों में तेजी लायें। विभाग हित में अभी और परिश्रम करने की आवश्यकता है, जिससे हम ससमय लक्ष्य पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि अपनी परफारमेन्स बढ़ायें।

उन्होंने बीते वर्ष की उपभोग आधारित लक्ष्य के सापेक्ष अधिकतम राजस्व उपलब्धियों वाले 10 जनपदों अमेठी, गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, बलिया, गाज़ियाबाद, बाराबंकी, शामली, श्रावस्ती, सोनभद्र, अमरोहा के अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राजस्व प्राप्ति में और बढ़ोत्तरी लायें और यह सुनिश्चित करें कि अवैध शराब की खपत प्रदेश में न हो, जिससे राजस्व और बढ़े। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि होली के त्योहार में किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न घटे तथा आईजीआरएस के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करायें।

फरवरी में लक्ष्य के सापेक्ष अधिकतम राजस्व प्रप्ति वाले जनपद

क्रम	जनपद	उपलब्धि प्रतिशत
1	अमेठी	85.32
2	गौतमबुद्धनगर	73.04
3	लखनऊ	72.65
4	बलिया	72.35
5	गाजियाबाद	71.54
6	बाराबंकी	64.61
7	शामली	62.95
8	श्रावस्ती	62.46
9	सोनभद्र	61.86
10	अमरोहा	61.84

प्रमुख सचिव श्रीमती वीना कुमारी मीणा ने राजस्व अर्जन की जानकारी देते हुए बताया कि माह फरवरी 2024 मे विभाग में रू. 5,138.84 करोड़ की प्राप्तियॉ हुई हैं। जबकि इसी अवधि में गत वर्ष में रू. 4,457.33 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था तथा माह फरवरी 2024 में निर्धारित राजस्व लक्ष्य रू. 6,300 करोड़ के सापेक्ष रू. 5,138.84 करोड़ अर्थात 81.57

प्रतिशत राजस्व प्राप्त हुआ। माह मार्च 2024 में अद्यतन रु. 1,330.06 करोड़ की प्राप्तियां हुई हैं। 12 मार्च 2024 तक अद्यतन कुल रु. 42,554.22 करोड़ की प्राप्तियां हुई हैं। गत वर्ष मार्च 2023 तक कुल रु. 41,252.24 करोड़ की प्राप्तियां हुई थीं। गत वर्ष की क्रमिक प्राप्तियों के सापेक्ष उपलब्धियां 103.16 प्रतिशत है।

माह फरवरी 2024 में कुल 76,568 छापे मारे गये। 10,024 अभियोग पकड़े तथा 3,28,048 ली. अवैध शराब पकड़ी गई तथा तस्करी में लिप्त 14 वाहन को जब्त करते हुए 2,179 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनमें से 805 व्यक्तियों को जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आईजीआरएस के कुल प्राप्त 1,132 संदर्भों में 1,123 प्रकरण निस्तारित हो चुके हैं तथा कोई प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं है। बैठक में आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह द्वारा सभी जोनों के अधिकारियों को आबकारी मंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने की अपेक्षा की गई। बैठक में अपर आबकारी आयुक्त ज्ञानेश्वर त्रिपाठी सहित सभी मण्डलीय उप आयुक्त और जिला आबकारी अधिकारियों ने वर्चुअली प्रतिभाग किया।

अतिमहत्वपूर्ण / राजस्वहित/अनुपालनार्थ / समयबद्ध

कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश

संख्या 18756-18831/ दस-लाइसेंस-367/ सुझाव आबकारी नीति/2024-25/खण्ड-5 दिनांक 19-03-2024

1. समस्त पेय गदिरा आपूर्तक आसवनियां, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त बाण्ड अनुज्ञापी (बीयर को छोड़कर), उत्तर प्रदेश।
3. समस्त बी.आई.ओ-1 अनुज्ञापी, उत्तर प्रदेश।

विषयः बीयर को छोड़कर अन्य प्रकार की देशी/विदेशी मदिरा आदि के वर्ष 2023 24 और 2024-25 हेतु ब्राण्ड लेबिल के IESCMS पोर्टल पर पर एम.आर.पी. अनुमोदन के सबंध में।

आप अवगत हैं कि वर्ष 2023-24 तथा वर्ष 2024-25 हेतु बीयर को छोड़कर अन्य प्रकार की देशी / विदेशी मंदिरा आदि के ब्राण्ड लेबिल का पंजीकरण / नवीनीकरण और एम.आर.पी. अनुमोदन वर्तमान में मेंटर पोर्टल पर वास्तविक रूप से धनराशियों जमा करते हुये कराया जा रहा है।

मेंटर पोर्टल पर उपरोक्तानुसार ब्राण्ड लेबिल पंजीकरण और एम.आर.पी. अनुमोदन के निर्गत आदेशों को IESCMS पोर्टल पर अपलोड करते हुये समान कार्यवाही बिना वास्तविक भुगतान के IESCMS पोर्टल पर भी की जानी है। चूँकि वर्तमान में प्रदेश को समस्त आसवनियों और बाण्डों सहित समस्त बी.आईओ-1 अनुज्ञापन IESCMS पोर्टल पर प्राइमरी किये जा चुके है अतः ब्राण्ड लेबिल पंजीकरण और एम.आर.पी अनुमोदन की कार्यवाही अब IESCMS पोर्टल पर बिना वास्तविक भुगतान के किया जाना संभव नहीं होगा।

उपर्युक्त स्थिति में आप सभी को यह निर्देशित किया जाता है कि मेंटर पोर्टल पंजीकृत / अनुमोदित हो चुके ब्राण्ड लेबिल एवं एमआरपी के मामलों में, अग्रिम आदेशों तक आप IESCMS पोर्टल पर प्रस्तुत किये जाने वाले अपने ब्राण्ड लेबिल पंजीकरण तथा एम.आर.पी. अनुमोदन आवेदन पत्रों में मेंटर पोर्टल से निर्गत आदेशों को अपलोड करते हुये अपना-अपना आवेदन पत्र IESCMS पोर्टल पर मात्र सबमिट करें और आगे भुगतान की कार्यवाही न करते हुये, इन आवेदन पत्रों का IESCMS पोर्टल पर जेनरेटेड सीरियल न. तथा मेंटर पोर्टल से निर्गत आदेश की प्रति सलग्न करते हुये, लाइसेंस अनुभाग, मुख्यालय के ई. मेल. licupexcise04@gmail.com पर इन ब्राण्ड लेबिल और एम.आर.पी. को IESCMS पोर्टल पर भी पंजीकृत किये जाने का अनुरोध पत्र तत्काल प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

उपर्युक्त निर्देश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

नोट :- सर्वप्रथम ब्राण्ड लेबिल का पंजीकरण उपरोक्तानुसार IESCMS पोर्टल पर कराया जायेगा, तत्पश्चात ही एम. आर.पी. के आवेदन पत्रों को IESCMS पोर्टल पर प्रस्तुत किया जा सकेगा और समान प्रकार की कार्यवाही पुनः सम्पन्न की जायेगी।

(आलोक कुमार)
उप आबकारी आयुक्त (लाइसेंसिंग)
मुख्यालय।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मेरठ

सावधान!! **चेतावनी** सावधान!!

होली के अवसर पर सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध शराब के अड्डों, ढाबों, परचून की दुकानों, ईटं भट्ठों आदि से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवधै अड्डों से बिकने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाईल एल्कोहल भी हो सकता है, मिथाईल एल्कोहल एक विष है, जिसके अल्प मात्रा के सेवन से आंखों की रोशनी जाने के साथ-साथ व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है।

ऐसे कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध आजीवन कारावास से लेकर मृत्यु दण्ड की सजा एवं 10 लाख रूपये के जुर्माने का प्रावधान आबकारी अधिनियम में किया गया है। यदि कोई व्यक्ति किसी मादक वस्तु का विक्रय करता है या उपलब्ध करता है या करवाता है तो उसकी सूचना आबकारी विभाग के निम्नलिखित नम्बरों पर दें-

अवैध शराब की सूचना के लिए कंट्रोल रूम ✆ 14405 9454466019

(प्रदीप कुमार सिंह)
जिला आबकारी अधिकारी
मो. 9454465650

CONSULTANTS FOR DISTILLERY & BOTTLING FACILITY

We are a team headed by Mr. B K Goel (Consultant) for below Projects/Jobs.

1. Setting up a distillery unit For Ethanol & ENA.
2. Setting up a bottling unit for manufacturing of Alcoholic Liquors such as Rum, Whisky, Gin, Brandy, Vodka & RTD.
3. Setting up the Malt Spirit Plants producing the quality as Vatted Malt Spirit.
4. Blending / Development of various liquor brands up to highest Level.
5. We also take annual contract to blend all the Alcoholic products of all range.

May Please Contact
B K GOEL
goelbk20@gmail.com
Ph. 8962405107, 8889939759

MARC FLAVOURS

We are the manufacturer of all type of Flavours / Essences for the following segments.

1. Alcoholic Liquors such as Rum, Gin, Whisky, Brandy, Vodka & RTD.
2. Tailor Made Flavours for all Industries as below.

• Pharma • Confectionery • Ice – Cream • Processed Food
• Soft Drinks • Cattle Feed • Dairy Products • Perfumes

Note – Chemical division (Marc Flavours)
We also manufacture Biocide for Grain & Molasses fermentation to save 5 - 6% Glucose consumed by bacteria. Please ask the detail Via. Email Id – **goelbk20@gmail.com**

M/s Marc Flavours
Rohit Goel
I - 55, Site - C,
Surajpur Industrial Area
Greater Noida – 201306 (U.P)
Mob.: 9971949251, 8700610224
E-mail: marcflavours@rediffmail.com
Website: www.marcflavours.com

ENHANCING LOGISTICS SUPPLY CHAIN USING
QTS PLATFORM

QTS
QUALITY | TECHNOLOGY | SERVICES
गुणवत्ता | प्रौद्योगिकी | सेवाएं

DIGITAL LOCK / GPS LOCK | **GPS BASED TRACKING DEVICES FOR MARKET SOURCED VEHICLES PLUG N PLAY** | **SIM TRACKING**

Solutions Available

- GPS based Tracking for market vehicles
- Digital / GPS Lock
- SIM based Tracking
- Indent and Vehicle Placement
- In-PLANT Tracking
- Journey Management with alerts escalation
- Digilock Alerts for " OPEN " and "TAMPERED" with geo-coordinates
- Detention
- ePOD

Reports Available

- Unique trip id
- Tracking report with replay on map
- Frequent current status reports on mail
- Configurable alerts on route deviation , over stoppage
- Integration with ERP
- Monthly MIS reports
- Transit adherence with ETA
- Report on Detention
- ePOD with upload option
- Analysis on Breakages

Plant-In and Plant-Out
App based vehicle IN-PLANT movement monitoring

Order Management and Vehicle Placement
Web based and APP based Vehicle Indent Management

Detention / unloading
GPS based detention

ePOD / POD upload
Web based / App based ePOD and POD upload

Transit
Journey Management with Alerts (GPS based)

SOME ROLLED OUT PROJECTS

• Radico Khaitan Ltd • Pernod Ricard • United Breweries • Diageo India • AB-InBev • Indospirit
• Sir Shadi Lal Distillery • Mohan Meakins • Dhampur Sugar • Wave Distilleries And Breweries
• Allied Blenders & Distillers • Aarti Distilleries • B9 Beverages (BIRA) • Forever Distillery Private Ltd

For more derails: 9354509654 sales@qtssolutions.com

देशी में मथुरा एवं श्रावस्ती है अव्वल

फरवरी 2024 में गत वर्ष के सापेक्ष देशी मदिरा की अधिकतम उपभोग दर मथुरा जनपद में था। इस दौरान मथुरा में 16.5 और श्रावस्ती में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई है। कौशाम्बी में 13.9, अमरोहा 12.3, गौतमबुद्धनगर 11.9 और बागपत में वृद्धि दर इस दौरान 11.9 प्रतिशत थी। अधिकतम उपभोग वाले जनपदों में खीरी, शामली, गाजियाबाद और बाराबंकी जनपद शामिल हैं।

फरवरी 2024 तक गत वर्ष के सापेक्ष देशी मदिरा की खपत दर सबसे अधिक श्रावस्ती में 27.6 फीसदी थी। खीरी 26.24, शाहजहांपुर 18.7, मथुरा 16.4, सीतापुर 14.2 और कौशाम्बी में 13.6 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त अमेठी 13.1, हरदोई 12.7, गौतमबुद्धनगर 12.2 और गाजियाबाद में 10.9 प्रतिशत की वृद्धि दर थी।

विदेशी मदिरा में बलिया की औसत दर है सबसे आगे

विदेशी मदिरा की सबसे अधिक फरवरी माह में मांग दर बलिया जनपद में थी। यही नहीं बलिया जनपद फरवरी तक के आंकड़ों में आईएमएफएल की मांग दर में सबसे अव्वल जनपद है। फरवरी में बलिया में विदेशी मदिरा की गत वर्ष के सापेक्ष वृद्धि दर 26.7 प्रतिशत और हरदोई में 25.6 प्रतिशत दर्ज हुई है। फरवरी में सिद्धार्थ नगर 25 प्रतिशत, ललितपुर 22.8, महराजगंज 21.6, जीबीनगर 20.1, बाराबंकी 19.6, झांसी 19, प्रतापगढ़ 18.1 और श्रावस्ती में 17.9 प्रतिशत की वृद्धि दर है।

फरवरी माह तक दस अधिकतम विदेशी मदिरा उपभोग दर वाले जनपदों में बलिया 20.2 प्रतिशत के साथ अव्वल स्थान पर है। इसके पश्चात जीबीनगर 19.1, गाजीपुर 18.2, देवरिया 17.9, गाजियाबाद 16.2, महराजगंज 15.6, हापुड़ 12.9, बदायूं 12.3, एसके नगर 11.1 और अयोध्या 10.7 प्रतिशत वृद्धि दर के साथ प्रदेश के अव्वल जनपदों में शामिल हैं।

बीयर के उपभोग दर में मुरादाबाद और श्रावस्ती हैं शीर्ष पर

फरवरी माह में मुरादाबाद जनपद की बीयर उपभोग दर प्रदेश में गत वर्ष के सापेक्ष 32 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक है। फरवरी में 10 अधिकतम उपभोग दर वाले अन्य जनपदों में ललितपुर, महोबा, शाहजहांपुर, कानपुर नगर, संभल, उन्नाव, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और एसआर नगर शामिल हैं।

फरवरी माह तक बीयर का उपभोग दर सबसे अधिक श्रावस्ती जनपद में 10.9 प्रतिशत दर्ज हुई है। इसके पश्चात अंबेडकर नगर, एसआरनगर, एसकेनगर, प्रतापगढ़, जौनपुर, अमेठी, मऊ, आजमगढ़ और गाजीपुर जनपद अधिकतम बीयर उपभोग दर वाले जनपदों में शामिल है।

विदेशी मदिरा की फ्रेंचाइजी फीस होगी 4 रुपये लीटर

प्रदेश में अन्य राज्यों की इकाईयों को मदिरा भराई के लिए फ्रेंचाइजी फीस 4 रुपये प्रति लीटर देना होगा। इसी तरह अन्य राज्यों के बीयर उत्पादक राज्य में बोतल भराई करने पर फ्रेंचाइजी फीस के रूप में 1 रुपये प्रति लीटर शुल्क देंगे। अन्य राज्यों की इकाईयां प्रदेश में अपनी बोतल भराई के लिए एफएल-3ए और एफएल-1ए लाइसेंस लेती हैं।

बीयर हेतु एफएल-3ए के अंतर्गत फ्रेंचाइजी फीस

0039-00-103-02-0000-06 चालान हेड	बीयर उत्पादनकर्ता हेतु लाइसेंस फीस एफएल-1/एफएल-1ए एवं एफएल-3/एफएल-3ए/रिन्युअल फीस एवं एफएल-3ए की फ्रेंचाइजी फीस

आईएमएफएल हेतु एफएल-3ए के अंतर्गत फ्रेंचाइजी फीस

0039-00-105-02-0000-05 चालान हेड	भारत निर्मित विदेशी मदिरा उत्पादनकर्ता हेतु लाइसेंस फीस एफएल-1/एफएल-1ए एवं एफएल-3/एफएल-3ए/रिन्युअल फीस एवं एफएल-3ए की फ्रेंचाइजी फीस

ओटीएस में मिलेगी ब्याज पर 50 प्रतिशत की छूट

प्रदेश सरकार ने आबकारी विभाग के अंतर्गत व्यापार करने वाले अनुज्ञापियों को बकाये की वसूली हेतु एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के आदेश दिये हैं। आबकारी विभाग से सम्बन्धित 65 जनपदों में 1759 प्रकरणों में लगभग 43.72 करोड़ रुपये बकाया लंबित है। आबकारी के मुताबिक उन प्रकरणों में से 96 प्रकरणों में लगभग 1.31 करोड़ दंडक ब्याज के रूप में वसूली किया जाना है। कई बकायेदार इस सम्बंध में न्यायालयों में भी केस (वाद) किये हुए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा 7 मार्च और 12 मार्च को एक पत्र जारी कर कहा गया है कि 31 मार्च 2018 के पूर्व के इन सभी प्रकरणों को एकमुश्त समाधान योजना के तहत खत्म किया जा सकता है। आबकारी विभाग का उद्देश्य इस योजना को लागू करने का यह है कि विभाग के पुराने बकाये की धनराशि की वसूली हो सके और राज्य सरकार को यह धनराशि प्राप्त हो जाए। बकायेदार जिनका मूलधन तथा उसपर ब्याज की धनराशि काफी अधिक हो गई है। जिसके कारण वह भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें बकाये की मूल धनराशि एवं बकाये ब्याज की 50 प्रतिशत धनराशि जमा किये जाने पर बकाये से मुक्ति मिल जायेगी। बकायेदार 60 दिन के अन्दर किस्त में भी बकाये का भुगतान कर सकते हैं।

BOTTMAC

DELIVERING EXCELLENCE IN LIQUID BOTTLING

kavindersingh@bottmac.in, sales@bottmac.in
+91-9818228222
www.bottmac.in

आबकारी राजस्व में हुई 15 प्रतिशत की वृद्धि

फरवरी माह में गत वर्ष के सापेक्ष 15.29 प्रतिशत अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। फरवरी माह में 5138.84 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है। जबकि गत वर्ष इस दौरान 4457.33 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। फरवरी माह का राजस्व लक्ष्य 6300 करोड़ रुपये था। राजस्व लक्ष्य से 18.43 प्रतिशत कम राजस्व प्राप्त हुआ है। फरवरी माह तक का राजस्व लक्ष्य 51400 करोड़ रुपये के सापेक्ष 41224.16 करोड़ रुपये आबकारी ने फरवरी माह तक संकलन किया है। यह प्राप्ति राजस्व लक्ष्य का 80.20 प्रतिशत है। गत वर्ष फरवरी माह तक 35703.95 करोड़ रुपये प्राप्त हुआ था। मासिक लक्ष्य 6300 करोड़ रुपये से 1161.16 करोड़ रुपये फरवरी में कम प्राप्त हुआ है। फरवरी तक के लक्ष्य 51400 करोड़ रुपये से अभी तक 10175.84 करोड़ रूपये कम प्राप्त किये गये हैं।

आबकारी राजस्व वित्तीय वर्ष 2023-24

माह	माह का लक्ष्य करोड़ (रू.)	माह की प्राप्ति करोड़ (रू.)	उपलब्धि प्रतिशत मासिक लक्ष्य के सापेक्ष	उपलब्धि प्रतिशत वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष
अप्रैल	4000.00	3313.46	82.8	5.7
मई	4600.00	3633.06	79.0	12.0
जून	4600.00	3622.24	78.7	18.2
जुलाई	4200.00	3423.98	81.5	24.1
अगस्त	4000.00	2980.36	74.5	29.3
सितम्बर	4000.00	3253.37	81.3	34.9
अक्टूबर	4300.00	3326.16	77.4	40.6
नवम्बर	4900.00	3788.26	77.3	47.1
दिसम्बर	5000.00	3776.33	75.5	53.7
जनवरी	5500.00	4968.02	90.3	62.2
फरवरी	6300.00	5138.84	81.6	71.1

अल्कोहल निर्यात में हुई 24 प्रतिशत की वृद्धि

अल्कोहल उत्पादन में अल्कोहल वर्ष 2023-24 के पहले तीन महीने अर्थात फरवरी 2024 तक 24.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालाकि गत वर्ष के सापेक्ष यह वृद्धि मात्र 11.1 प्रतिशत की है। उत्तर प्रदेश से देश के बाहर अल्कोहल का निर्यात नहीं किया गया है। अन्य राज्यों को फरवरी तक 24.2 प्रतिशत गत वर्ष के सापेक्ष अधिक अल्कोहल का निर्यात हुआ है। फरवरी माह में अन्य राज्यों के निर्यात में गत वर्ष के सापेक्ष 8.2 प्रतिशत की ही वृद्धि है। पेय मदिरा के उपभोग में गत वर्ष से फरवरी माह में कम अल्कोहल का उपभोग हुआ है। फरवरी में 5.5 प्रतिशत यह उपभोग घटा है। हालाकि फरवरी माह तक 12.6 प्रतिशत उपभोग में वृद्धि हुई है। प्रदेश के अंदर औद्योगिक अल्कोहल की मांग फरवरी तक 26.7 प्रतिशत और फरवरी में 12.7 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की है। अल्कोहल वर्ष 1 दिसम्बर से 30 नवम्बर तक होता है।

अल्कोहल वर्ष 2023-24 में फरवरी तक अल्कोहल का विवरण
(लाख बल्क लीटर में)

क्र.स.	विवरण	2022-23	2023-24
1.	प्रारम्भिक अवशेष	315.20	254.35
2.	अल्कोहल का उत्पादन	4824.18	5986.58
	योग	**5139.38**	**6240.93**
3.	देश के बाहर से आयातित	0.00	0.00
4.	प्रदेश के बाहर से आयातित	0.00	0.00
	महायोग	**5139.38**	**6240.93**
5.	**उपभोग**		
	1. पेय (देशी व विदेशी मदिरा की कुल निकासी)	898.16	1011.40
	2. अन्य (एफएल 16,17,39,40 व 41)	2025.25	2564.99
	योग	**2923.41**	**3576.39**
6.	**निर्यात**		
	1. अन्य राज्यों को	1825.38	2267.93
	2. देश के बाहर	0.00	0.00
7.	कुल निर्यात	**1825.38**	**2267.93**
8.	कुल उपभोग	4748.79	5844.32
9.	लेखानुसार अवशेष	390.59	396.61
10.	वेस्टेज	12.27	9.06
11.	वास्तविक अवशेष	**378.32**	**387.55**

बीयर में उपभोग घटा और विदेशी में बढ़त है बरकरार

फरवरी माह में विदेशी मदिरा की खपत में 4.2 प्रतिशत की गत वर्ष के सापेक्ष वृद्धि है। गत वर्ष फरवरी में 2.44 करोड़ बोतलों की खपत हुई थी जबकि फरवरी 2024 में 2.54 करोड़ बोतलों की खपत हुई है। फरवरी माह तक विदेशी मदिरा की मांग गत वर्ष से 8.4 प्रतिशत अधिक है। गत वर्ष इस दौरान 25.04 करोड़ बोतल का उपभोग हुआ था जबकि फरवरी 2024 तक उपभोग 27.13 करोड़ बोतलों का हुआ है। आगरा जोन में फरवरी माह तक 6.51 करोड़ बोतल, मेरठ जोन में 7.43, लखनऊ जोन में 4.62, वाराणसी जोन में 4.50 और गोरखपुर जोन में 4.08 करोड़ बोतलों का उपभोग हुआ है।

बीयर का उपभोग घटता ही जा रहा है। फरवरी माह में बीयर के 4.88 करोड़ कैन का उपभोग हुआ है जबकि गत वर्ष फरवरी माह में 5.22 करोड़ कैन का उपभोग हुआ था। फरवरी माह में इस तरह से गत वर्ष के सापेक्ष 6.5 प्रतिशत कम उपभोग हुआ है। हालाकि फरवरी माह तक यह गिरावट मात्र 0.1 प्रतिशत की है। गत वर्ष फरवरी माह तक 64.31 करोड़ कैन का उपभोग हुआ था जबकि वर्तमान फरवरी 2024 तक 64.25 करोड़ कैन का ही उपभोग हुआ है। आगरा जोन में फरवरी माह तक 15.72, मेरठ जोन में 17.52, लखनऊ जोन में 12.11, वाराणसी जोन में 10.26 और गोरखपुर जोन में 8.65 करोड़ कैन बीयर का उपभोग हुआ है।

एमजीक्यू से है 27 प्रतिशत अधिक देशी की खपत

फरवरी माह तक 11 महीने में प्रदेश में 74.15 करोड़ लीटर देशी मदिरा की खपत हुई है। गत वर्ष इस दौरान 70.33 करोड़ लीटर की खपत हुई थी। गत वर्ष के सापेक्ष देशी मदिरा की खपत में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि है। एमजीक्यू (मिनिमम गारंटी कोटा) फरवरी माह तक 58.53 करोड़ लीटर था जिससे खपत में 26.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। फरवरी माह में 6.68 करोड़ लीटर देशी मदिरा की खपत हुई है। गत वर्ष 6.57 करोड़ लीटर इस दौरान खपत हुई थी। गत वर्ष के सापेक्ष खपत में 1.7 प्रतिशत और एमजीक्यू के सापेक्ष 25.2 प्रतिशत फरवरी माह में खपत बढ़ी है। फरवरी माह का एमजीक्यू 5.34 करोड़ लीटर था। फरवरी में आगरा जोन में 1.65 करोड़ लीटर, मेरठ जोन में 1.70 करोड़ लीटर, लखनऊ जोन में 1.33 करोड़ लीटर, गोरखपुर में 1.08 और वाराणसी जोन में 0.90 करोड़ लीटर देशी मदिरा की खपत हुई है। फरवरी माह तक वाराणसी जोन में 10.09, गोरखपुर जोन में 12.35, लखनऊ जोन में 14.65, मेरठ जोन में 18.66 तथा आगरा जोन में 18.41 करोड़ लीटर देशी मदिरा का उपभोग हुआ है।

Molasses Production

शीरा वर्ष 2023-24 में फरवरी तक का शीरे का विवरण (लाख क्विंटल में)

क्रम	विवरण	2022-23	2023-24
1.	प्रारम्भिक अवशेष	15.78	32.73
2.	वर्ष में उत्पादन	391.23	376.05
3.	**कुल उपलब्धता**	**407.01**	**408.78**
4.	खपत-		
	क- स्वयं की आसवनी	148.10	170.76
	ख- गृह खपत		
	1. आरक्षित	48.75	51.28
	2. अनारक्षित	28.26	26.84
	योग (1+2)	**77.00**	**78.13**
	ग- निर्यात (उत्तराखण्ड सहित)	0.00	2.98
	घ- छीजन	0.11	0.28
5.	**योग (क + ख+ ग+ घ)**	**225.21**	**252.14**
6.	अवशेष	181.80	156.64
7.	बिलो ग्रेड	0.00	0.00
8.	जला शीरा	0.00	0.00
9.	**अवशेष ग्रेडेड**	**181.80**	**156.64**

शीरे के उत्पादन में आई गिरावट

अल्कोहल उद्योग के लिए शीरा सबसे महत्वपूर्ण रॉ मैटेरियल है। उत्तर प्रदेश में अल्कोहल और शीरे का उत्पादन भी सबसे अधिक है। शीरा वर्ष 1 नवम्बर से 31 अक्टूबर के बीच होता है। वर्तमान सत्र 2023-24 में फरवरी माह तक 376.05 लाख क्विंटल शीरे का उत्पादन हुआ है। जबकि गत वर्ष इस दौरान 393.23 लाख क्विंटल शीरे का उत्पादन हुआ है। कैप्टिव अर्थात स्वयं की आसवनी और रिजर्व शीरे की मांग गत वर्ष से बढ़ी है। अनारक्षित शीरे की मांग में गिरावट है। इस साल 2.98 लाख क्विंटल शीरे का निर्यात हुआ है जबकि गत वर्ष इस दौरान शीरे का निर्यात नहीं हुआ था। चीनी मिलों में आरक्षित 49.54 तथा अनारक्षित 156.64 लाख क्विंटल शीरे का स्टॉक है।



U.P | Delhi | Punjab | Chandigarh | Jharkhand |Daman- Diu | Silvassa
Australia | Newzealand | Middle East

Natural Resource Biochem Pvt. Ltd.

(ISO, GMP, HALAL, KOSHER, FSSAI, Certified Company)

We would also like to introduce ourselves as ISO 9001:2015 & 22000: 2018, GMP, HALAL, KOSHER, FSSAI certified Enzymes Manufacturing and Application Research Oriented Biotech Company having 12 years of experience in delivering Novel Enzyme Solutions and Technical Support for Industries like Sugar, Ethanol, Paper ,Textile, ETP for process improvement & increase overall efficiencies through our Products and Services. Over the years we have build a reputation of valued industrial supplier for many domestic and international clients such as :

Dalmia Bharat Sugar, HBL, PARLE, DCM SHRIRAM, KM Sugar Mills Ltd., bajaj hindusthan sugar ltd., UTTAM SUGAR, DHAMPUR, GSML, The Seksaria Group, LHSF LH Sugar Factories Ltd., SIMBHAOLI SUGARS, INDUSHANKAR CHINI UDYOG LTD., CHANDRIKA DISTILLERY, RELIENCE SUGAR & CHEMICAL INDUSTRIES PVT. LTD., NEPAL

OUR PRODUCTS

Distillery Products (Molasses Based)

Nboost-FE™
(100% Urea DAP and other Nutrients Replacement Blend of Bio-Nutrients)

CWR -Sol®
(Condensate Water Recycle and High VA Supporting Enzyme

Alcogain®
(Molasses Fermentation Booster & Enzymes (C-Heavy))

Alcogain-SY®
(Juice Syrup & B-Heavy Molasses Fermentation Enzyme)

Mol Protect® & M-Bcide
(TRS Enhancer /Preservation Enzyme & Biocide for Molasses storage)

Distillery Products (Grain Based)

Alpha4 2x
(Liquification Enzyme)

Gluco6 2x
(Saccrification Enzyme)

FaliG/N Yield
(Dry Yeast)

Lactoguard
(Antibiotic/Booster)

Alcogain-G
(Grain Fermentation Booster)

ETP/CPU Products

Nboost-ET™
(100% Urea and DAP Replacement Blend of Bio-Nutrients)

Nbac-BC
(Bio-culture for Effluent Treatment Plant)

Reacto-Boost
(Bio-Derived Micro Nutrients for Anaerobic Digestors)

Sugar Industry Products

Dex-NR
(Fungal Dextranase for sugar Cane Industry)

Amyle -NR
(Amylase enzyme for sugar cane Industry)

OUR SERVICES

- Annual Contract for O&M for Molasses/Syrup/Grain Fermentation, Distillation, ETP, STP, & CPU.
- Per BL Process Enzymes/Chemicals Rate contract for Syrup/Grain Fermentation.
- Analysis of Potable water /Domestic waste Water/Industrial Effluent.
- Ambient air quality & Noise Level monitoring.
- Flue gas Emission Monitoring from stationary/Mobile source.
- Water audit (Flow Meter Calibration)
- Soil testing.
- Environmental Compliance & Auditing.
- Water & wastewater management.

COMPANY RECOGNITION

Head Office : 3rd Floor, Pratap Market, Cinema Road, Gorakhpur - 273001 (U.P.)
Regional Office : C-1/554 Ratan Khand, Sharda Nagar, Lucknow-226012
Production Centre* : C-18, Sector-26, GIDA, Gorakhpur-273212
www.nrbplindia.in Follow us on :
+91-8090066345, info@nrbplindia.in

*Upcoming

Consumption

देशी, विदेशी और बीयर की खपत

फरवरी 2023 तक

क्रम	जनपद	देशी	विदेशी	बीयर
1	वाराणसी	17392837	9677359	26223015
2	चंदौली	8414652	5135512	5924371
3	गाजीपुर	12543185	5191525	9940578
4	जौनपुर	12672407	4474285	9542010
	वाराणसी प्रभार	**51023081**	**24478682**	**51629974**
5	प्रयागराज	16691594	8670939	21490137
6	कौशांबी	3122060	1082151	3201183
7	फतेहपुर	8893189	2507493	5059385
8	प्रतापगढ़	5368254	2343237	5646786
	प्रयागराज प्रभार	**34075098**	**14603820**	**35397491**
9	मिर्जापुर	7834296	2404244	5879238
10	सोनभद्र	3919426	2299792	6370647
11	संत रविदासनगर	4030668	1224088	3294141
	मिर्ज़ापुर प्रभार	**15784390**	**5928125**	**15544025**
	वाराणसी जोन	**100882569**	**45010627**	**102571491**
12	आजमगढ़	16363187	4018550	9929051
13	बलिया	8877570	6950877	8911609
14	मऊ	8836865	1371272	6209664
	आज़मगढ़ प्रभार	**34077621**	**12340699**	**25050324**
15	गोरखपुर	23473633	6635560	19088525
16	देवरिया	15888708	7995337	11047058
17	महाराजगंज	10324004	1509370	6513045
18	कुशीनगर	17550807	8000989	9326855
	गोरखपुर प्रभार	**67237152**	**24141255**	**45975483**
19	बस्ती	9207484	1983087	6245418
20	संत कबीर नगर	6134415	1045731	3773439
21	सिद्धार्थनगर	6814892	1254707	5450301
	बस्ती प्रभार	**22156792**	**4283525**	**15469158**
	गोरखपुर जोन	**123471565**	**40765480**	**86494966**
22	लखनऊ	28476277	17168071	43595088
23	हरदोई	15575402	2217521	5840927
24	लखीमपुर खीरी	7368465	2345803	5230171
25	रायबरेली	7877325	2768325	6882999
26	सीतापुर	10853525	2448980	5683949
27	उन्नाव	14439541	2905217	6904006
	लखनऊ प्रभार	**84590535**	**29853918**	**74137140**
28	अयोध्या	9091324	2852304	6618291
29	बाराबंकी	11655059	2739605	6914824
30	सुल्तानपुर	5141759	2331377	5382891
31	अंबेडकर नगर	10253699	1586263	4260327
32	अमेठी	4327417	1219450	3820604
	अयोध्या प्रभार	**40469258**	**10729000**	**26996937**
33	गोण्डा	7566514	2522984	6739460
34	बहराइच	8321515	1490589	7252567
35	बलरामपुर	3798579	1213554	3712011
36	श्रावस्ती	1745918	429189	2254127
	देवीपाटन प्रभार	**21432527**	**5656316**	**19958166**
	लखनऊ जोन	**146492320**	**46239233**	**121092243**
37	बरेली	15537273	4713478	8871376
38	बदायूं	10130615	2059369	3815443
39	पीलीभीत	6849986	1066700	2135883
40	शाहजहांपुर	8714423	2073464	4154516
	बरेली प्रभार	**41232297**	**9913010**	**18977218**
41	मेरठ	14849018	7062043	18208902
42	बगपत	3828660	1507639	3383193
43	बुलंदशहर	14917129	4747209	11668476
44	गाज़ियाबाद	19512231	12732317	31774254
45	हापुड़	6671450	2294037	5532905
46	गौतमबुद्ध नगर	19683140	13878520	40999634
	मेरठ प्रभार	**79461628**	**42221766**	**111567365**
47	मुरादाबाद	8602781	4748821	8023738
48	संभल	7010083	1287163	2543884
49	अमरोहा	6580328	2077548	5335447
50	रामपुर	6735784	1177206	3307258
51	बिजनौर	13252094	4918706	8363006
	मुरादाबाद प्रभार	**42181069**	**14209444**	**27573332**
52	सहारनपुर	11497128	3585060	7322836
53	मुजफ्फरनगर	9109087	3134985	7151854
54	शामली	3082578	1198789	2587645
	सहारनपुर प्रभार	**23688792**	**7918833**	**17062335**
	मेरठ जोन	**186563786**	**74263053**	**175180250**
55	आगरा	19260952	12676490	30193896
56	फिरोजाबाद	8681596	4172940	9640446
57	मथुरा	7125867	6580684	17410940
58	मैनपुरी	7712022	1852100	4733284
	आगरा प्रभार	**42780438**	**25282214**	**61978567**
59	अलीगढ़	13226160	6809311	15692191
60	हाथरस	5545578	2333347	5022760
61	एटा	7280466	1800117	4589432
62	कासगंज	4876639	1367727	3427677
	अलीगढ़ प्रभार	**30928843**	**12310501**	**28732060**
63	कानपुर नगर	28964502	10891005	22181734
64	कानपुर देहात	10112853	1673842	3673462
65	इटावा	6655659	1841714	5013204
66	औरैया	5154324	1204179	3372204
67	फर्रूखाबाद	8180470	1669443	4429962
68	कन्नौज	8311743	1081938	3413854
	कानपुर प्रभार	**67379551**	**18362121**	**42084420**
69	झांसी	9336167	2483643	6990016
70	जालौन	6000306	1851436	3737906
71	ललितपुर	6782122	951699	2868712
	झांसी प्रभार	**22118595**	**5286778**	**13596634**
72	बाँदा	7581656	1553329	3993959
73	चित्रकूट	3666607	769971	2342424
74	हमीरपुर	5571011	879753	2312990
75	महोबा	4104583	620271	2161874
	चित्रकूट धाम प्रभार	**20923858**	**3823325**	**10811247**
	आगरा जोन	**184131284**	**65064938**	**157202927**
	राज्य कुल	741541525	271343331	642541877

(देशी शराब की खपत लीटर में, विदेशी मदिरा की बोतल में और बीयर कैन (500 एमएल) में है।

UNIVERSAL FORCES INDUSTRIES PVT. LTD.

PROMISING STEPS TOWARDS BIOENERGY

26+ Modern Distillery

12+ Evaporation Plants

12+ Biogas Plants
